कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक एव महासमादेष्टा, गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)

जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593

Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37 (2896)गृरमु/पीएसएएल/2021/ 14915–17 दिनांकः–30 SEP 2021

कार्यालय आदेश

अनुज्ञाधारक ब्रिगेडियर–कृष्ण कुमार खुराना (से.नि.) पुत्र श्री एल.सी. खुराना डाईरेक्टर मैसर्स–एक्स सर्विसमेन एयरलिंक ट्रांसपोर्ट सर्विसेज प्रा0लि0 द्वारा सिक्यूरिटी लाईसेन्स संख्या 346/2011 दिनांक 23.02.2011 वैद्यता दिनांक 22.02.2021 के नवीनीकरण हेतु इस कार्यालय में दिनांक 07.01.2021 को आवेदन किया। इनके द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया गया कि अनुज्ञाधारक द्वारा उक्त अनुज्ञप्ति के वर्ष 2016 से 2021 में संचालन के दौरान निर्धारित शर्तो का उल्लघंन कर पसारा अधिनियम 2005 की धारा 10 की उपधारा 1(ग), 1(घ), एवं 1(ड.) का स्पष्ट उल्लघंन किया गया है। प्रावधानों का उल्लघंन पाये जाने पर अनुज्ञाधारक को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6724–25 दिनांक 19.05.2021 द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया। जिसका स्पष्टीकरण अनुज्ञाधारक द्वारा दिनांक 07.06.2021 को प्रस्तुत किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण तर्कसंगत एवं संतोषप्रद नहीं पाया गया। इसके फलस्वरूप अनुज्ञाधारक ब्रिगेडियर–कृष्ण कुमार खुराना (से.नि.) को इस कार्यालय पत्र क्रमांक 11215–16 दिनांक 12.08.2021 द्वारा अन्तिम अवसर दिया जाकर 15 दिवस में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा प्रावधानों के उल्लघंन के संबंध में 04 माह में भी पूर्ण जवाब मय दस्तावेज बावजूद स्मरण पत्र जारी करने पर भी प्रस्तुत नहीं करने के कारण एवं प्रावधानों का उल्लघंन किया जाना पाये जाने के कारण मैसर्स–एक्स सर्विसमेन एयरलिंक ट्रांसपोर्ट सर्विसेज प्रा0लि0 के लाईसेन्स संख्या 346/2011 दिनांक 23.02.2011 वैद्यता दिनांक 22.02.2021 को तुरन्त प्रभाव से **निरस्त** किया जाता है।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. ब्रिगेडियर–कृष्ण कुमार खुराना (से.नि.) पुत्र श्री एल.सी. खुराना निवासी iv-1/74, गोपीनाथ बाजार, साउथ वेस्ट दिल्ली–110010 एवं कार्यालय पता शॉप नं. एस.एफ. 63, सेकण्ड फ्लोर, प्लॉट नं–56–57, रीको, भिवाडी, जिला–अलवर, राजस्थान को भेजकर लेख है कि मूल लाईसेन्स 07 दिवस में इस कार्यालय को जमा करवाया जावें।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर सैल, कार्यालय हाजा को विभागिय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर

Scanned with CamScanner